# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-212 | सागवाड़ा, शनिवार, 9 अप्रैल, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)





# महिला महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव झंकार-2022 आयोजित

## नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने उत्कृष्ट बालिकाओं को स्मृति चिह्न वितरित किए






**सागवाड़ा।** महिला महाविद्यालय की ओर से वार्षिकोत्सव झंकार-2022 का आयोजन शनिवार को हुआ। मुख्य अतिथि कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष दिनेश खोड़निया थे। विशिष्ट अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोड़निया, कर सलाहकार ललित पंचाल, नानूलाल पटेल, पार्षद इन्द्रजीत मकवाणा, धीरज मेहता, आदिश खोड़निया, हिरेन खोड़निया, आरएएस अल्का जैन, चंद्रशेखर संघवी, संस्था सचिव धनेश्वर भट्ट व मानस महाविद्यालय चीतरी के संस्थापक कमलेश सुथार थे। संस्था के अध्यक्ष ईश्वरचन्द्र भट्ट ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रारंभ में कशिश एवं दल ने गणेश नृत्य प्रस्तुत किया। प्राचार्य दीपिका दोसी ने स्वागत उद्बोधन व वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि खोड़निया ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से अच्छा मुकाम हासिल कर परिवार, समाज, राज्य एवं देश का नाम गौरान्वित करना चाहिए। उन्होंने महिला महाविद्यालय को वागड़ का उत्कृष्ट महाविद्यालय बताते हुए कहा कि शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है कि आज हर एक व्यक्ति की मन एवं मस्तिष्क में यह महाविद्यालय छाया हुआ है। नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने उत्कृष्ट बालिकाओं को स्मृति चिह्न वितरित किए। संस्था के मार्गदर्शक परेश भट्ट ने राज्य सरकार की ओर से प्रदत्त छात्रवृत्तियों उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति की प्रक्रिया के सरलीकरण के लिए जिला कांग्रेस अध्यक्ष खोड़निया से निवेदन किया । प्रिया एवं दल ने 'सेव गर्ल चाइल्ड' नाटक, मानसी एवं दल ने कव्वाली, एकल नृत्य, महिमा त्रिवेदी, दीपिका एवं दल ने नृत्य, सुमित्रा एवं दल ने 'कॉलेज डेज' पर नाटक, खुशी सोनी ने एकल नृत्य, एवं मोनिका दल, दीपिका पाटीदार, खुशी, छाया एवं दल, कीर्ति, निकिता, फिजा, विधिका, सेजल एवं दल, मानसी सिसोदिया, धृति एवं दल रोशनी एवं दल, प्रीती उपाध्याय, जिनल यादव, निकिता सुथार, अमीषा बलाई एवं कनकलता ने सांस्कृति प्रस्तुति दी। इस दौरान मनीष भट्ट, मोहन डेण्डोर, अक्षय दर्जी, ऋषभ भट्ट, कल्पेश शुक्ला, जिज्ञासा व्यास, हार्दिक पंड्या, कृष्णकान्त भोई, गुलशन पंड्या, पल्लवी सुथार, सुषमा जोशी, सयानी गांधी, तपेश पंड्या, महिपाल सिंह राठौड़, चांदनी पंड्या, जैनित भगत, मैत्री भगत, हिरेन भगत, कपिल पंड्या मौजूद रहे। संचालन प्राची पंचाल, हिनल जोशी, विशाखा पंचाल, अरुणा प्रजापत ने किया। आभार उपाचार्य वासुदेव बलाई ने व्यक्त किया।

# 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियों को लेकर बैठक हुई

**सागवाड़ा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ सागवाड़ा में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, सप्त गो परिक्रमा मंदिर का लोकार्पण, आदिशक्ति मां गायत्री प्रगयेश्वर महादेव पाटोत्सव कार्यक्रम 12 से 14 अप्रैल को होने जा रहा है। जिसकी तैयारियों के अंतिम चरण में सागवाड़ा परीक्षेत्र एवं आसपास के गांव के सभी धर्म प्रेमी, समस्त समाजसेवियों, समस्त धार्मिक संस्थाओं, के धर्म प्रेमी भाइयों की एक बैठक गायत्री शक्तिपीठ सागवाड़ा में रखी गई। बैठक में गांवों में निमंत्रण देने, आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने, व्यवस्थाओं के प्रभारियों को जिम्मेदारी देने एवं दूर-दूर से आने वाले गायत्री परिजनों को आवास व्यवस्था देने को लेकर चर्चा की गई।

गायत्री परिवार के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी नारायण लाल पंड्या द्वारा उपस्थित समस्त धर्म प्रेमी महानुभाव को विराट आयोजन की जानकारी देते हुए सभी को अपने-अपने क्षेत्र में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में भाग लेने का आह्वान किया। भागवत सेवा समिति एवं रूद्र वाहिनी उत्तम स्वामी गौशाला के अध्यक्ष मुकेश भाई ने उपस्थित समस्त आत्मीय जनों एवं गायत्री परिवार को विश्वास दिलाया पूरी श्रद्धा एवं समर्पण के साथ इस आयोजन में अपना योगदान देंगे।

गायत्री परिवार के ट्रस्टी वासुदेव त्रिवेदी ने बैठक में उपस्थित सभी धर्म प्रेमी महानुभावों को अपनी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं समर्पण के साथ करने हेतु निवेदन किया। गायत्री परिवार के सचिव ट्रस्टी वेलचंद पाटीदार द्वारा सभी संस्थाओं से जुड़े हुए पदाधिकारियों को सहयोग का निवेदन किया। उपजोन समन्वयक कुलदीप सिंह राणावत ने वागड़ में धर्म के प्रति लोगों की श्रद्धा की प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा की निश्चित रूप से वागड़ में धर्म की गंगा बह रही है और आसपास के सैकड़ों परिजन इस गंगा में पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे।

बैठक में गायत्री परिवार के सहायक ट्रस्टी किशोर भट्ट, कोषाध्यक्ष ट्रस्टी प्रवीण भट्ट, सह समन्वयक शिवराम कलाल, गायत्री परिवार बांसवाड़ा के सह जिला संयोजक मोहन लाल कलाल, घाटोल के ट्रस्टी राकेश भट्ट, गायत्री परिवार के युवा ट्रस्टी पंकज पाटीदार रमेश पाटीदार, संदीप जोशी, हरिमुख भट्ट, रमण लाल पाटीदार मौजूद थे।

# बाइक बेकाबू होकर ट्रक के पीछे घुसी, हादसे में बाइक सवार 10वीं के छात्र की मौत

## बिछीवाडा थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे 48 पर आमझरा के पास हुई दुर्घटना

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे 48 पर आमझरा के पास एक तेज रफ्तार बाइक ट्रक के पीछे घुस गई। हादसे में बाइक सवार एक 10वी कक्षा के छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है। वही पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया है।

डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा थाने के थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की नगजी खराड़ी मीणा निवासी बौखला सेरावाड़ा ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया है की उसका इकलौता बेटा 17 वर्षीय दीपक खराड़ी दसवीं कक्षा में पढ़ता हैं। शुक्रवार शाम के समय वह अपने दोस्त 16 वर्षीय सिकंदर पुत्र बसु के साथ बाइक पर सवार होकर गाँव से बिछीवाड़ा की ओर जा रहे थे। इस दौरान आमझरा के पास एक होटल के सामने आगे से जा रहे ट्रक के पीछे उनकी बाइक घुस गई। हादसे में दीपक खराड़ी और सिकंदर हाथ, पैर और सिर पर गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। वही पुलिस भी मौके पर पहुंची जिसके बाद दोनों घायलों को गंभीर हालत में डूंगरपुर जिला अस्पताल के लिए रवाना किया गया । डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टर ने जांच के बाद दीपक को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना पर बिछीवाड़ा थाना पुलिस जिला अस्पताल पहुंची। जिसके बड़ा पुलिस ने शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इधर आज सुबह पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही पुलिस ने

पिता नगजी खराड़ी की रिपोर्ट पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दीपक 6 बहनों के बीच इकलौता भाई था। उसकी मौत के बाद परिवार में मातम का माहौल है। वही दीपक के पिता नगजी मजदूरी का काम करते है।

# खड़गदा में विष्णु यज्ञ को लेकर बनी सहमति

## गीता रामायण प्रचार समिति की बैठक हुई



**खड़गदा।** गीता रामायण प्रचार समिति खड़गदा की बैठक समिति के अध्यक्ष यशवंत पंड्या की मौजूदगी में हुई। इस दौरान गांल में हैने वाले धार्मिक आयोजनों को लेकर चर्चा की गई। पंड्या ने बताया कि खड़गदा में भगवान लक्ष्मीनारायण जी का मंदिर करीब 400 साल पुराना है। यहां विष्णु यज्ञ की आवश्यकता है जिसे लेकर आम सहमति बनाई जाए। इस कार्य में गांव के हर व्यक्ति की भागीदारी होनी चाहिए। बैठक में मौजूद सदस्यों ने खड़गदा गांव में आने वाले समय में विष्णु यज्ञ के लिए सहमति बनाई। बैठक में कथावाचक कमलेश भाई शास्त्री ने कहां कि यह यज्ञ ऐसा भो जो आपसी सहयोग की मिसाल कायम करें इसमें हर समाज के हर वर्ग की भागीदारी है। बैठक में मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शशिकांत पुरोहित, औदिच्य समाज के अध्यक्ष निरज जोशी, भट्टमेवाड़ा समाज के अध्यक्ष प्रशांत दीक्षित, ईश्वर भट्ट, प्रभाशंकर दवे, डा. विमलेश पंड्या, सतिश पुरोहित, बदामी टेलर, लक्ष्मीकांत सुथरा, दिनेशचंद्र पुरोहित, प्रसन्न दीक्षित, निरीज दीक्षित सहित अन्य मौजूद रहे।

# सातवीं कक्षा के छात्र ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र के बोखला गांव में एक सातवीं कक्षा के छात्र ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दुकान से सामान लेकर भाई लौटा तो फंदा काटकर उसे नीचे उतारा, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। इधर आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा थाने के थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की बोखला निवासी अजय विहात ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया की उसके पिताजी प्रकाश विहात उदयपुर में एक खाद फैक्ट्री में काम करते है। मां हकरी मनरेगा में मजदूरी पर गई थी। उसका छोटा भाई 13 वर्षीय अनिल विहात घर पर अकेला था। अनिल सातवी कक्षा में पढ़ता था और स्कूल भी नहीं गया था । वह खुद किराणा दुकान पर सामान लेने गया था। इधर जब वह दुकान से सामान लेकर करीब आधा घंटे बाद जब घर पहुंचा तो घर में उसका छोटा भाई अनिल विहात घर में फंदे से लटका हुआ था। जिस पर अजय ने अनिल को फंदे से नीचे उतारा। वही अजय ने आसपास के लोगो को बुलाकर मामले की जानकारी दी। जिस पर लोग अनिल को लेकर डूंगरपुर जिला अस्पताल लेकर आये। जहा पर डॉक्टर ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इधर इसके बाद परिजनों ने मामले की सुचना बिछीवाडा थाना पुलिस को दी। सुचना पर बिछीवाडा थाने से हेड कांस्टेबल चेतनलाल डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जहा पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द किया। इधर आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस ने मृतक के बड़े भाई की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# खड़गदा क्षेत्रपाल मंदिर में 15 और 16 अप्रैल को भरेगा हनुमान जयंती का मेला

## मेले का शुभारंभ15 को, 16 को दोपहर में निकलेगी गंगाजल कलश यात्रा



**सागवाड़ा।** मोरन नदी के किनारे पर स्थित क्षेत्रपाल मंदिर में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में 15 और 16 अप्रैल को बड़े स्तर पर मेले का आयोजन होगा। शनिवार को श्री क्षेत्रपाल जी मंदिर में आयोजित प्रेसवार्ता में मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शशिकांत पुरोहित ने बताया कि कोरोना काल के बाद इस मेले का आयोजन होने से क्षेत्र में उत्साह बना हुआ है। मंत्री दीपक दवे ने बताया कि मेला आयोजन समिति का गठन किया गया है जिसकी देखरेख में मेले का आयोजन हो रहा मेला संयोजक अनिल पुरोहित ने बताया कि यहां वर्ष 1967 से हर साल मेले का आयोजन होता रहा है। कोरोना के चलते दो साल से मेले का आयोजन नही हो रहा था। 15 अप्रेल को सुबह सुबह 9 बजे क्षीरेश्वर अखाड़ा के महंत के सानिध्य में मेले का उद्धाटन किया जाएगा। इससे पूर्व लक्ष्मीनारायण मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी जो क्षेत्रपालजी मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद हनुमान चालीसा के 108 पाठ और विश्व शांति कामनार्थ हवन होगा। 16 अप्रेल को शाम तीन बजे मंदिर से 1001 कलशों की शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं भक्त मंडलियों द्वारा भजन-कीर्तन किए जाएंगे। मेला आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में आकर्षक सजावट की जा रही है। इस दौरानमेला संयोजक अनिल पुरोहित, लक्ष्मीकांत सुथार, मीडिया प्रभारी चंद्रेश व्यास, पूर्व उपाध्यक्ष नाथूलाल खांट, कोषाध्यक्ष करुणाशंकर पाटीदार, सह कोषाध्यक्ष जगदीश दवे, बदामीलाल दर्जी, रूपजी रोत मौजूद रहे।

# भारतीय ट्राइबल पार्टी की बैठक हुई

**सागवाड़ा।** भारतीय ट्राइबल पार्टी की बैठक शनिवार को पंचवटी स्थित एक निजी फार्म हाउस पर हुई। प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर वेलाराम घोघरा के निर्देशन पर प्रदेश सचिव पवन सरपोटा और प्रदेश सचिव मोहनलाल डिंडोर के सानिध्य में विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक रखी गई। जिला मीडिया प्रभारी निशांत डिंडोर ने बताया कि बैठक मैं विभिन्न बातों को लेकर चर्चाएं हुई जिसमें आगामी चुनाव पर चर्चा करते हुए दोनों ब्लॉकों में ब्लॉक अध्यक्ष के चुनाव, ब्लाक कार्यकारिणी का विस्तार, मंडल कार्यकारिणी का विस्तार, सदस्यता अभियान व पार्टी प्रोटोकॉल का ध्यान रखते हुए पार्टी को मजबूत बनाने की बात रखी जिस पर समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर सहमति जता समाज और पार्टी के हित में कार्य करने की शपथ ली।

# राजस्थान में आसमान से बरस रही आग, पारा 45 डिग्री

**जयपुर।** राजस्थान में अब आसमान से आग बरसने लगी है। शनिवार को धौलपुर, हनुमानगढ़ में दिन का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। उदयपुर को छोड़कर सभी शहरों में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर समेत पश्चिमी राजस्थान के कई शहरों में लू के थपेड़ों में लोगों को परेशान किया। मौसम विभाग ने 11-12 अप्रैल को बाड़मेर, बीकानेर, चूरू, जोधपुर, जालोर में 35 किलोमीटर की स्पीड से गर्म हवा चलने की आशंका जताई है।

# कार व बाइक की हुई टक्कर, हादसे में बुजुर्ग महिला की हुई मौत

## बेटा व कार चालक हुआ घायल

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के पातापुर के पास एक कार व बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग माँ की मौत हो गई जबकि उसका बेटा व कार चालक गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने घायलो को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है। वही पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया है। डूंगरपुर जिले के कोतवाली थाने के थानाधिकारी दिलीपदान ने बताया की थाणा गाँव निवासी 60 वर्षीया रत्नी कोटेड अपने 35 वर्षीय बेटे सुरेश कोटेड के साथ बाइक पर बैठक डूंगरपुर से एक लोकाचार में शामिल होकर अपने गाँव लौट रहे थे। इस दौरान डूंगरपुर सिंटेक्स के पास पातापुर में सामने से आ रही कार से उनकी बाइक की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार रत्नी व उसका बेटा सुरेश और कार चालक बोडीगामा निवासी जगदीश पाटीदार गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर हादसे के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। इधर लोगो ने गंभीर घायल दोनों माँ-बेटो व कार चालक को डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुँचाया। जहा पर डॉक्टर ने तीनो का उपचार शुरू किया। इधर उपचार के दौरान गंभीर घायल बुजुर्ग महिला रत्नी कोटेड की मौत हो गई। सुचना पर कोतवाली थाना पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और महिला का शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वही परिजनों के आने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया।